झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांक :— रा0खा0आ0 (विविध)—22 / 2022 - 956

प्रेषक,

हिमांशु शेखर चौधरी
अध्यक्ष,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

सचिव
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः— 15.12.2022

विषयः— **गुमला जिला के कई क्षेत्रों में काफी कम संख्या में जन वितरण प्रणाली दुकान होने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दिनांक—29.11.2022 को गुमला जिला में मुखिया के साथ संवाद के क्रम में कई मुखिया द्वारा बताया गया कि उनके पंचायत में दो ही डीलर हैं। उनका यह भी कहना था कि कम संख्या में डीलर होने के कारण लाभुकों को राशन लेने के लिए काफी दूरी तय करना पड़ता है।

मुखिया संवाद में अपर समाहर्ता—सह—जिला शिकायत निवारण द्वारा इसकी पुष्टि की गई। बताया गया कि 2022 के Control Order के अनुसार 1500 आबादी पर एक PDS दुकान होना है। वर्तमान में गुमला जिला में 726 दुकान है जबकि आबादी लगभग 12 लाख हो गई है। उनके द्वारा बताया गया कि कुछ क्षेत्र में 1500 से कम आबादी पर भी डीलर हैं। परन्तु कुछ क्षेत्र में PDS Control Order में तय जनसंख्या पर PDS दुकान नहीं है, साथ ही आबादी का घनत्व भी कम होने के कारण लाभुकों को अनाज लेने के लिए काफी दूरी तय करनी पड़ती है।

अतः अनुरोध है कि जिन क्षेत्र में लाभुकों को राशन लेने के लिए अधिक दूरी तय करना पड़ता है वैसे क्षेत्र को चिन्हित कर यथोचित कार्रवाई की जाय ताकि लाभुकों को अनाज लेने हेतु निर्धारित दूरी से अधिक दूरी नहीं तय करना पड़े।

विश्वासभाजन

15/12

(हिमांशु शेखर चौधरी)
अध्यक्ष,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

07C

C:\Users\PC-06\Dropbox\Anju\Vinod Sir.docx325

पता—झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची—834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261